इस अवसर खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्यनारायण शुक्ला ने नॉर्थ जोन के लिए निर्धारित अनुदान राशि का सर्वाधिक 34 प्रतिशत भाग राजस्थान को आवंटित करने की जानकारी प्रदान की।

साथ ही कहा कि यदि राज्य सरकार एवं बैंकर्स इस योजना में तत्परता से कार्य करते हुए प्रभावशाली तरीके से काम करते हैं, तो अतिरिक्त लक्ष्य भी आवंटित कर दिये जायेंगे।कार्यक्रम के आरंभ में राज्य निदेशक बद्रीलाल मीना ने सभी मेहमानों को शॉल एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया तथा स्वागत भाषण एवं पीएमईजीपी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। आरबीआई के महाप्रबंधक दिनेश कुमार तथा एसएलबीसी संयोजक प्रकाशवीर राठी ने सभी बैंकों की ओर से पूर्ण तत्परता एवं गति से कार्य करने का आश्वासन दिया। राजस्थान खादी बोर्ड के सचिव हरिमोहन मीणा ने अपने विभाग के द्वारा पूर्ण गति से कार्य करने के लिए बताया। उद्घाटन सत्र की पूर्णाहुति के उपरान्त तकनीकी सत्र में पीपीटी के माध्यम से सहायक निदेशक यशवीर मल्लिक ने 30 जून 2019 तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा व्यापक जानकारी प्रदान की। संयुक्त सचिव पी.एन.शर्मा ने योजना की कार्यपद्धति की विवेचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का आयोजन कमलनिष्ठ संस्थान, कोलसिया द्वारा जयपुर स्थित होटल सरोवर पैलेस में किया गया, मंच संचालन सालेहा गाजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के सहायक निदेशक डी.के.चावला, आर.एल. माथुर सहित बड़ी संख्या अधिकारियों ने भाग लिया।

सिविल इंजीनियर कर रहा है मधुमक्खी पालन

मधुमक्खी पालन से बढ़ती है फसलों की गुणवत्ता

कीटनाशक दवाइयों का नहीं करना पड़ता है छिड़काव

वडोदरा. शहर के दौलतपुरा स्थित सिविल इंजीनियर दिपेन ने चंदन की सुरक्षा के लिए शुरू किया मधुमक्खी पालन आज अनेक लाभ का वटवृक्ष बना है। मास्टर्स इन सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद दिपेन ने गत वर्ष फरवरी में मधुमक्खी पालन की शुरुआत की। आज उनके पास 150 पेटियां हैं। उन्होंने राज्य सरकार के बागवानी विभाग की ओर से 1.20 लाख रुपए की मदद प्राप्त हुई है।

दिपेन के मुताबिक बागवानी विभाग की ओर से मधुमक्खी पालन के लिए नेशनल बी बोर्ड की ओर से 40 प्रतिशत एवं राज्य सरकार की ओर से 15 फीसदी सहित कुल 55 प्रतिशत सहायता किसानों को दी जाती है। उन्होंने दौलतपुरा व लीमड़ी के किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रोत्साहित किया। दौलतपुरा के दो व लीमड़ी के एक सहित तीन किसानों के पास 50-50 बक्सि हैं। इन तीनों किसानों ने भी 1.20-1.20 लाख की सहायता राज्य सरकार की ओर से प्राप्त की है।

आणंद कृषि यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण: सिविल इंजीनियर का कहना है कि आणंद कृषि यूनिवर्सिटी में मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया जाता है। सरकार की ओर से मिलने वाले प्रशिक्षण एवं योजनाओं का किसानों को लाभ लेना चाहिए और खेती में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए सक्रिय होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि जिस खेत में मधुमक्खियों की पेटी रखी जाती हैं, वहां कीटनाशक दवाइयों का उपयोग नहीं करना पड़ता है। कीटनाशक दवाइयों का खर्च भी बचता है और फसल की गुणवत्ता बढ़ती है। ऐसे में कीटनाशक दवाई व मजदूरी का खर्च बचता है। जिस खेत में मधुमक्खी की पेटियां रखी जाती हैं, उससे दो-तीन किलोमीटर के क्षेत्र में मधुमक्खियां घूमती हैं। किसानों को जागरूक करने के लिए विजीटर्स फार्म एजुकेशन परिसर भी बनाया गया है, जिसे किसान व विद्यार्थी देख सके।

दैनिक भास्कर

खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन व विकास पर कार्यशाला

जयपुर | महाराज विनायक ग्लोबल विश्वविद्यालय के सभागार में खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन एवं विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना, विशिष्ट अतिथि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक बीएल मीना थे। अध्यक्षता महाराज विनायक ग्लोबल विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन बैहल मीना ने की। सक्सेना ने खादी एवं ग्रामोद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला। संयोजक डॉ. विक्रम गौतम सिंह महरोली ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. विकास जैन, विश्वविद्यालय के वाइस चेयरपर्सन डॉ. विशाल जैन, मनोहर भट्ट, विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. योगेश यादव भी मौजूद थे। सभी ने पौधरोपण भी किया।

प्रेस कवरेज

केन्द्रीय खादी ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

स्टोन कलस्टर से मुहैया होगा रोजगार

सिकंदरा @ पत्रिका. भारत सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग अध्यक्ष विनयकुमार सक्सेना ने शनिवार को स्फूर्ति योजना के तहत सिकंदरा गांव में सवा करोड़ की लागत से बने स्टोन कलस्टर योजना का उद्घाटन किया। समारोह में उन्होंने कहा कि स्टोन की कलाकृति व शिल्पकारों को रोजगार मुहैया कराने के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग ने राज्य में दूसरे नम्बर का स्टोन कलस्टर सिकंदरा में बनाया है। कलस्टर से 160 शिल्पकारों को ट्रेनिंग, मार्केटिंग सहित अन्य विषय पर प्रशिक्षित किया जाएगा। स्टोन कलस्टर से शिल्पकारों को रोजगार मुहैया होगा। उन्होंने आने वाले दिनों में सिकंदरा क्षेत्र में सैण्ड स्टोन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लागू करने की बात कहीं। राज्य खादी बोर्ड निदेशक बद्रीलाल मीना ने कहा कि राजस्थान के जिन गांव व ढाणियों में बिजली नहीं है, वहां पर बायोगैस स्थापित करने पर 13 हजार की सब्सिडी मिलेगी। राजस्थान को सात राज्यों में योजनाओं का सबसे अधिक लक्ष्य मिला है। श्रमिकों में बढ़ रही सिलिकोसिस बीमारी की रोकथाम के लिए जल्द ही शिल्पकारों को मॉस्क मुहैया कराए जाएंगे। इसके लिए समय समय पर स्टोन मालिकों व शिल्पकारों को जागरूक करने के लिए शिविर लगाए जाएंगे। खादी विलेज बोर्ड सचिव हरिमोहन मीना ने कहा कि स्टोन कलाकृति में सिकंदरा ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में पहचान बनाई है। यहां के पत्थर की देश के साथ-साथ विदेशों में भी डिमांड है। कलाकृति विकास के लिए कारगर प्रयास किए जाएंगे। खादी समिति सिकंदरा मंत्री शिवकांत बंसल, समिति अध्यक्ष गंगाराम कसाना, लेखाधिकारी भगवानसहाय गुप्ता, सह मंत्री रामस्वरूप कोली, दौसा खादी समिति मंत्री अनिल शर्मा, बयाना समिति मंत्री रामभरोसी, मिट्ठूराम सैनी, विजेन्द्र अग्रवाल, रामविलास मरियाड़ा, पृथ्वीराज मरियाड़ा, राजेश जैन, सेडूराम कसाना, मुकेश कसाना आदि मौजूद थे।

सिकंदरा में खादी ग्रामोद्योग कलस्टर उद्घाटन कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि (ऊपर) व मौजूद लोग।

पत्रिका Sun, 14 July 2019
epaper.patrika.com/c/41379793

2019 राजस्थान

विद्यार्थी स्व-रोजगार व अनुशासन मधुमक्खियों से सीखें : विनय कुमार

■ खादी और ग्रामोद्योग प्रोत्साहन एवं विकास कार्यशाला शुरू

जयपुर, (निसं)। विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शनिवार को आयोग की स्फूर्ति योजना के अंतर्गत स्थापित 'सिकन्दरा स्टोन कलस्टर के सामान्य सुविधा केन्द्र' सिकन्दरा, दौसा का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बद्रीलाल मीना, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जयपुर, हरिमोहन मीना, सचिव, राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, राजस्थान सरकार, जयपुर, आयोग के अधिकारीगण, कतिन बुनकर, शिल्पकार एवं संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

इससे पूर्व जयपुर स्थित महाराज विनायक ग्लोबल विश्वविद्यालय के सभागार में 'खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन एवं विकास' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन के साथ साथ युवाओं में खादी के प्रति सकारात्मक सोच एवं स्वीकारता की प्रेरणा देना है।

विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा दौसा के सिकन्दरा में 'सिकन्दरा स्टोन कलस्टर के सामान्य सुविधा केन्द्र' का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम संयोजक विक्रम सिंह महरोली ने बताया कि उद्बोधन में कार्यशाला के मुख्य अतिथि विनय कुमार सक्सेना ने खादी और ग्रामोद्योग के महत्व पर प्रकाश डालते मधुमक्खी पालन की उपयोगिता, उनसे स्वरोजगार की उत्पत्ति एवं उनके अनुशासन को विद्यार्थी जीवन में उतारने की अपील की। विशिष्ट अतिथि बद्री लाल मीना, राज्य निदेशक, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, जयपुर ने खादी को जीवन का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए इसके गांधी आदर्शों सत्य-रोजगार, जीवन यापन, ग्रामीण विकास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजस्थान एवं सम्पूर्ण भारत में खादी किस प्रकार से देश के विकास में भागीदार हो सकती है। महाराज विनायक ग्लोबल विश्वविद्यालय के चेयरमैन केशव मीना, आईएएस (रिटायर्ड) ने खादी को ग्रामीण भारत की जीवन आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी मेहमानों ने विश्वविद्यालय प्रांगण में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए नीम, अशोक इत्यादि के वृक्ष लगाये।

प्रेस कवरेज

पंजाब केसरी — जम्मू-कश्मीर

पी.एम. की 'स्वीट क्रांति' के लिए के.वी.आई.सी. व सेना की पहल जारी

नीति आयोग जिला कुपवाड़ा में 1000 बी-बॉक्सों का वितरण

श्रीनगर, 17 जुलाई (मजीद): प्रधानमंत्री की 'स्वीट क्रांति' मिशन के लिए अपनी पहल को जारी रखते हुए पी.एम.टी.सी. पाम्पोर, राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग (के.वी.आई.सी.) जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को भारतीय सेना के सद्भावना कार्यक्रम के सहयोग से नीति आयोग कुपवाड़ा जिले के जंगली गैरीजन में बी-कीपिंग का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 100 लाभार्थियों के बीच 1000 बी-बॉक्सों का वितरण किया।

उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है कि के.वी.आई.सी. और भारतीय सेना ने पी.एम. की 'स्वीट क्रांति' के लिए हाथ मिलाया है। आज के कार्यक्रम से पहले पिछले साल 12 जून को के.वी.आई.सी. और भारतीय सेना ने एक दिन में 2330 बी-बक्सों का वितरण कर नया विश्व रिकार्ड बनाया था। आज फिर एक बार के.वी.आई.सी. ने भारतीय सेना के सद्भावना कार्यक्रम के सहयोग से 100 लाभार्थियों के बीच 1000 बी-बॉक्सों का वितरण किया।

सीमावर्ती कुपवाड़ा जिले के जंगली गैरीजन में आयोजित समारोह के दौरान मेजर जनरल जे.बी. चौधरी (एस.एम. वी.एस.एम.) जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जी.ओ.सी.) 28 इंफैंट्री डिवीजन, ब्रिगेडियर मुकेश भीमान उप-जी.ओ.सी. 28 इंफैंट्री डिवीजन, ब्रिगेडियर जयंत कर कमांडर 28 आर्टिलरी ब्रिगेड, ब्रिगेडियर के.एस. ग्रेवाल एस.एम. कमांडर 68 इंफैंट्री ब्रिगेड, कर्नल जगदीश कुमार उप-कमांडर मुख्यालय 28 आर्टिलरी ब्रिगेड, कमांडर 41 आर.आर., कमांडर 160 टी.ए. कमांडर जंगली जी.एम. यूनिट (528 ए.एस.सी. बटालियन, 28 आई.डी.एस.आर, 28 इंफैंट्री डिवीजन प्रो. यूनिट), कमांडर आर्टिलरी ब्रिगेड यूनिट (219 एम.आर., 305 एफ.डी. रेजीमेंट, 100 एफ.डी. रेजीमेंट और 632 स्टाट बैटरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा श्री राम अंभकर, प्रिंसीपल पी.एम.टी.सी. पाम्पोर अनिल कुमार शर्मा, के.वी.आई.सी., सेना, जिला प्रशासन के अधिकारी, सरपंच, कुपवाड़ा अनाथालय के बच्चे, ए.जी.एस. सेन के बच्चे, मोची मिशन के लाभार्थी, महिलाओं का स्वयं सहायता समूह और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान सेना और के.वी.आई.सी. अधिकारी व अन्य (मजीद)

मेजर जनरल जे.बी. चौधरी, जो मुख्यातिथि थे, ने कहा कि इस तरह के विकास कार्यक्रम जम्मू-कश्मीर में शांति और सद्भाव स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। जी.ओ.सी. ने पी.एम.टी.सी. के.वी.आई.सी. पाम्पोर के प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस तरह की पहल भविष्य में भी जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पिछले डेढ़ साल से के.वी.आई.सी. के सहयोग से कुपवाड़ा के लोगों को उनके दरवाजों पर नौकरी उन्मुख प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान कर रही है। यही नहीं, हाल ही में के.वी.आई.सी. के साथ मिलकर सेना ने जयपुर राजस्थान में कुपवाड़ा जिले के 24 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम के बारे में पूर्ण विवरण देते हुए अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि अध्यक्ष के.वी.आई.सी. विनय कुमार सैक्सेना व राज्य निदेशक जम्मू-कश्मीर डी.एस. भाटी के निर्देशों पर काम करते हुए मैं और पी.एम.टी.सी. पाम्पोर व राज्य कार्यालय से टीम ने भारतीय सेना के सहयोग से 100 लाभार्थियों के लिए बी-कीपिंग प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया और आज के.वी.आई.सी. के 'हनी मिशन' के तहत 100 लाभार्थियों के बीच 1000 बी-बॉक्सों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि जैसे कि हमारे अध्यक्ष ने पहले ही कहा है कि के.वी.आई.सी. का हनी मिशन जम्मू-कश्मीर में विकास के एक नए अध्याय की पटकथा लिखेगा, ऐसे में हम इसे जारी रखेंगे।

अनिल ने कहा कि के.वी.आई.सी. राष्ट्रीय स्तर पर पी.एम.ई.जी.पी. योजना की नोडल एजैंसी है, इसलिए इस योजना के तहत हम इन लाभार्थियों को अपनी इकाइयों की स्थापना करने के लिए 35 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ऋण प्रदान कर सकते हैं।

खादी ग्रामोद्योग बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने का सशक्त माध्यम: कल्पना

ग्रामोद्योग आयोग की ओर से ग्राम भारापुर भौंरी में प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किये गये विद्युत चाक

रुड़की ब्यूरो विशाल। खादी और ग्रामोद्योग आयोग सुक्ष्म लघु उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कौशल्या ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा कुम्हार उद्योग चाक वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्षा श्रीमति कल्पना सैनी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक श्रीकुंज बिहारी, कौशल्या ग्रामोद्योग संस्थान रुड़की जनपद हरिद्वार के संरक्षक जितेन्द्र सिंह ने महात्मा गांधी के चित्र पर दीप जलाकर एवं सूत की माला पहनाकर किया।

कार्यक्रम में पहुंचे कौशल्या ग्रामोद्योग संस्थान रुड़की जनपद हरिद्वार के पदाधिकारियों ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री श्रीमति कल्पना सैनी ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। ग्रामोद्योग के माध्यम से रोजगार करने वाले युवाओं को 25 से 35 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। वहीं 25 लाख रुपए तक का रोजगार के लिए सरकार की ओर से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस मौके पर राज्य निदेशक श्रीकुंज बिहारी ने युवाओं से आहवान किया कि वह खादी के उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका सुनिश्चित करें। कुम्हारी उद्योग को अधिक से अधिक बढ़ावा दें। इस अवसर पर खादी ग्रामोद्योग आयोग देहरादून कार्यकारी ग्रामोद्योग गजेन्द्र ने कहा कि खादी मात्र वस्त्र नहीं, एक विचार, एक संस्कृति, एक क्रांति है। संस्थान के मंत्री/सचिव नितिन त्यागी ने कहा कि कुम्हारी उद्योग चाक वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 मार्च से 16 मार्च तक भारापुर भौंरी, रहमतपुर, भगवानपुर में संचालित किया। आज प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को विद्युत चाक निःशुल्क राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सुक्ष्म लघु उद्यम मंत्रालय भारत सरकार एवं कौशल्या ग्रामोद्योग संस्थान रुड़की की ओर से वितरित किये गये। इस अवसर पर जसवंत सिंह, राजकुमार, नवीन, श्रीमति बबली, चन्द्किरण, गजेन्द्र कार्यकारी ग्रामोद्योग, विकास, राजपाल, रजनीश, गोपाल, जगदीश, श्रीमति राकेश त्यागी, राहुल कुमार, आमिर अली, जितेन्द्र सिंह, अमर अली, श्रीमति गुलबशर, श्रीमति शालू, श्रीमति ममता समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्रेस कवरेज

रोजगार प्रदान करने के लिए के.वी.आई.सी. और जे.के. पुलिस ने मिलाया हाथ

शिविर को संबोधित करते पुलिस व के.वी.आई.सी. अधिकारी। (नवीद)

कुपवाड़ा में किया जागरूकता शिविर का आयोजन

श्रीनगर, 20 जुलाई (मजीद): सीमावर्ती कुपवाड़ा जिला के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने की कोशिश में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (के.वी.आई.सी.) और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाथ मिलाया है। इस सिलसिले में शनिवार को के.वी.आई.सी. द्वारा जम्मू-कश्मीर पुलिस के सहयोग से कुपवाड़ा जिला में जिला पुलिस लाइन (डी.पी.एल.) में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और हनी मिशन के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जागरूकता शिविर का मकसद आम जनता के बीच पी.एम.ई.जी.पी. और के.वी.आई.सी. की अन्य योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना था। जागरूकता शिविर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस.एस.पी.) कुपवाड़ा अम्बरीकर श्रीराम दिनकर (आई.पी.एस.), राज्य निदेशक के.वी.आई.सी. डी.एस. भाटी, सहायक निदेशक/प्रिंसीपल पी.एम.टी.सी. पांपोर अनिल कुमार शर्मा, शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्य, पूर्व पुलिसकर्मी, पुलिस और के.वी.आई.सी. के अधिकारी और अन्य स्थानीय लोग मौजूद थे।

इस अवसर पर एस.एस.पी. कुपवाड़ा ने कहा कि रियायती और तकनीकी क्षेत्र में विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के नए उपक्रम पी.एम.ई.जी.पी. के तहत खोले जा सकते हैं और जम्मू-कश्मीर पुलिस के.वी.आई.सी. के सहयोग से हर संभव सुविधा प्रदान करेगी।

डी.एस. भाटी ने पी.एम.ई.जी.पी. योजना को बेरोजगार युवाओं के लिए लाभकारी पहल बताया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ पी.एम.ई.जी.पी. बल्कि के.वी.आई.सी. द्वारा अन्य योजनाओं जैसे हनी मिशन, बिजली पर चलने वाली पॉटरी मशीनों का मिशन, मौनी मिशन आदि से भी बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस तरह की योजनाओं के लिए ऐसे जागरूकता शिविर बहुत मददगार साबित होते हैं।

इस बीच शिविर को संबोधित करते हुए अनिल कुमार शर्मा ने के.वी.आई.सी. द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवाओं को आवेदन भरे जाने से लेकर बैंक में केस पहुंचाए जाने तक के.वी.आई.सी. के कर्मचारी व अधिकारी हर समय सहयोग देंगे।

खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में कवियों ने बिखेरा हास्य रस

खादी एवं ग्रामोद्योग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी शुरू

भास्कर संवाददाता | श्रीगंगानगर

कुम्हार धर्मशाला में रविवार शाम एलबीएस खादी संस्थान रावतसर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग के विभिन्न आइटमों की प्रदर्शनी लगाई गई। राज्य स्तरीय इस प्रदर्शनी का उद्घाटन पीलीबंगा विधायक धर्मेंद्र मोची ने किया। अध्यक्षता खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड आयोग के डिवीजनल निदेशक बद्रीलाल मीणा ने की। राज्य में खादी एवं ग्रामीण लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रचार-प्रसार एवं इसे बढ़ावा देने के लिए इसका आयोजन किया गया। एलबीएस खादी संस्थान के सचिव भानसिंह राठौड़ एवं आयोग के कोषाध्यक्ष बीएन त्रिपाठी ने बताया कि प्रदर्शनी के तहत खादी के गर्म एवं सामान्य वस्त्रों की स्टालें लगाई गई हैं। इसके साथ ही बीकानेर एवं हनुमानगढ़ जिले सहित अनेक स्थानों के ग्रामोद्योग की स्टालें भी लगाई गई हैं।

विधानसभा में प्रश्न उठाउंगा : विधायक मोची : इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक धर्मेंद्र मोची ने कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए वे खादी संस्थाओं का साथ देंगे। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि खादी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वे विधानसभा में प्रश्न उठाएंगे। इस मौके पर वक्ताओं ने बताया कि बीकानेर खादी के वस्त्रों की विदेशों में विशिष्ट पहचान है।

तीन तक रहेगी कुम्हार धर्मशाला में प्रदर्शनी

तीन अगस्त तक लगाई जाने वाली प्रदर्शनी के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए पहले दिन खादी के परिधान में सजी युवतियों की कैट वाक करवाई गई। हास्य कवि सम्मेलन में हास्य कवि रूपसिंह राजपुरी ने राजनीति एवं नेताओं को अपने हास्य में लपेटा। वहीं, उमंग शर्मा ने पति-पत्नी के संबंधों एवं परस्पर नोकझोंक को व्यंग्यात्मक लहजे में छोटी-छोटी हास्य रचनाएं प्रस्तुत की। इस दौरान रंगलाल बिश्नोई ने नशे की बुराई पर कविताएं प्रस्तुत की। इससे पहले कवयित्री नीता अग्रवाल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत पंजाबी कलाकार जगजीतसिंह जग्गी के साथी जत्थे ने व्यंग्यात्मक लहजे में टप्पे और बोलियां प्रस्तुत की।

प्रेस कवरेज

7 गढ़वाल
राष्ट्रीय सहारा

खादी और ग्राम उद्योग आयोग ने किया चरखों का वितरण

सिटी लाइव
नईदुनिया 07
रायपुर, रविवार 07 जुलाई 2019
www.naidunia.com

अब खादी नए कलेवर के साथ बाजार में

खादी का बढ़ रहा क्रेज, रंगबिरंगे और डिजाइनिंग कपड़े उपलब्ध

इन डिजाइनों की हो रही पूछपरख

प्रैस कवरेज

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ आज

श्रीगंगानगर (सीमा संदेश डेस्क)। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत चहल चौक स्थित कुम्हार धर्मशाला में

फैशन शो, कवि सम्मेलन व संगीत कार्यक्रम भी होगा

राज्यस्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ रविवार 28 जुलाई को शाम को 5 बजे चहल चौक स्थित कुम्हार धर्मशाला में किया जाएगा। इस सात दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान इस अवसर पर विभिन्न तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सचिव भानसिंह राठौड़ ने बताया कि महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर मंडलीय कार्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में राज्य की नामित संस्थाएं व यूनिट हिस्सा लेंगी। एलबीएस खादी संस्था रावतसर द्वारा आयोजित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में खादी उद्योग से जुड़े हुए उत्पाद ग्राहक खरीद सकते हैं। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख प्रियंका श्योराण होंगी।

विशिष्ट अतिथि सभापति अशोक चांडक तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक बद्रीलाल मीणा होंगे। खादी के परिधान में फैशन डिजाइनरों द्वारा फैशन शो का आयोजन भी किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पंजाबी गायक जगजीत सिंह जिंदा अपनी प्रस्तुति देंगे।

कवि सम्मेलन में हास्य कवि रूपसिंह राजपुरी रावतसर, रंगलाल बिश्नोई, नीता अग्रवाल, दौलतराम अनपढ़, राजस्थानी हास्य कवि हरीश हैरी, बनवारीलाल बन्नी, उमंग शर्मा विविध रंगों से सजी काव्य रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

बरसाती पानी का भंडारण करें, व्यर्थ पानी न बहाएं

पौधारोपण करते खादी एवं ग्रामोदय आयोग के राज्य निदेशक यशपाल सिंह व अन्य ● जागरण

जागरण संवाददाता, करनाल : खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक यशपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल संचय के लिए पूरे देश के नागरिकों से अपील की है कि वे कल के लिए पानी बचाएं और उसका सदुपयोग करें। ग्रामीण क्षेत्र में बरसाती व फालतू पानी का भंडारण तालाबों में किया जा सकता है। इसके लिए ग्रामीणों को अपने तालाबों को साफ रखना होगा। वे सोमवार को गांव बड़ौता में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग की ओर से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचीकरण के तहत तालाब की सफाई व खुदाई के उपरांत ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीकी का युग है। अब गांव का विकास शहरों से भी बेहतर हो रहा है।

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी शुरू

▸▸ एसबीटी न्यूज

श्रीगंगानगर। कुम्हार धर्मशाला में एलबीएस खादी संस्थान रावतसर के तत्वावधान में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन पीलीबंगा विधायक धर्मेंद्र मोची ने किया। अध्यक्षता खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड आयोग के संभागीय निदेशक बद्रीलाल मीणा ने की।

संस्था सचिव भान सिंह राठौड़ ने बताया कि खादी एवं ग्रामीण लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

इसमें खादी व अन्य तरह के विभिन्न उत्पाद प्रदर्शन व बिक्री के लिए रखे गए। इस मौके पर हुए कवि सम्मेलन में नीता अग्रवाल ने सरस्वती वंदना की। रूपसिंह राजपुरी, रंगलाल बिश्नोई, युवा राजस्थानी कवि हरीश हैरी, उमंग शर्मा, गज़लकार बनवारीलाल बन्नी व दौलतराम अनपढ़ ने अपनी प्रस्तुति दी।

श्रीगंगानगर। खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी के शुभारम्भ अवसर पर मंचासीन अतिथि।

बरसाती पानी का तालाबों में भंडारण करें ग्रामीण : यशपाल

करनाल, 15 जुलाई (पांडेय): खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक यशपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संचय के लिए पूरे देश के नागरिकों से अपील की है कि वे कल के लिए पानी को बचाएं और उसका सदुपयोग करें। ग्रामीण क्षेत्र में बरसाती व फालतू पानी का भंडारण तालाबों में किया जा सकता है। इसके लिए ग्रामीणों को अपने तालाबों को साफ-सुथरा रखना होगा। पानी को व्यर्थ न बहाएं।

वे सोमवार को गांव बड़ौता में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचीकरण के तहत तालाब की सफाई व खुदाई के उपरांत ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीकी का युग है, अब गांव का विकास शहरों से भी बेहतर हो रहा है। गांव में भी शहरों की तर्ज पर पार्क, मकान, गली-नालियां बनाई जा रही हैं। गांव में पानी के लिए सरकार द्वारा जोहड़ों को विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग अंबाला द्वारा भी बड़ौता गांव के तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया। इस तालाब को विकसित करने में शिवम ग्राम विकास संस्थान का भी अहम योगदान रहा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि भविष्य में वह तालाब की सफाई रखें और इसके आस-पास गंदगी न फैलाएं। स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाएं। इस मौके पर उनके व अन्य ग्रामीणों व अधिकारियों द्वारा तालाब के किनारे पौधे लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस मौके पर सहायक निदेशक एवं प्रभारी स्वच्छता अभियान रुखसाना जैन, सह निदेशक अरुण कुमार व अजय चौहान उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त टीम के सदस्य जगत सिंह, श्रीपाल सिंह, बलजीत सिंह, सरपंच पति महावीर, शिवम ग्राम विकास संस्थान के सचिव व अध्यक्ष रमेश चंद्र व रमेश कुमार उपस्थित रहे।

प्रेस कवरेज

जीवन से जुड़ी खबरें
सिटी लाइफ

खादी का है ये जलवा

खादी एवं ग्रामोद्योग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी

भास्कर संवाददाता | श्रीगंगानगर।

युवतियों का आकर्षक एवं रंग-बिरंगे परिधानों में कैट वाक और वह भी खादी के वस्त्रों में। यह सुनकर हैरानी होती है। लेकिन इसे सत्य कर दिखाया बीकानेर की फैशन डिजाइनर पूजा चौपड़ा और उनके दिशा निर्देश में कुछ युवतियों ने। मौका था एलबीएस खादी संस्थान रावतसर के तत्वावधान में खादी एवं ग्रामोद्योग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का। यहां कुम्हार धर्मशाला में लगी इस प्रदर्शनी में आम आदमी और आज के युवाओं का ध्यान आकर्षित करने तथा खादी के प्रति रुझान प्रकट करने के उद्देश्य से खादी प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर बीकानेर की युवतियों ने गजब का कैट वाक किया। जब रैंप पर एक-एक करके खादी के परिधान में ये युवतियां आईं तो सभी ने सराहना की। कैट वाक में दिव्या पारीक, विजय लक्ष्मी, पूजा सिन्हा सहित सात-आठ लड़कियों ने भाग लिया।

प्रोत्साहन • राज्य खाद्य एवं ग्रामीण आयोग के निदेशक बद्रीलाल बोले

खादी और ग्रामोद्योग आयोग दूरदराज के गांवों में युवाओं को दे रहा रोजगार : मीणा

भास्कर संवाददाता | श्रीगंगानगर

राज्य खाद्य एवं ग्रामीण आयोग के निदेशक बद्रीलाल मीणा ने कहा है कि आयोग राज्य के दूरदराज एवं विकास से दूर के गांवों के युवाओं को रोजगार देने का अहम काम कर रहा है।

इसमें खासतौर से हथकरघा, खडिनों, बुनकरों, मोचियों, मीनाकारी आदि में लगे लोगों को न केवल मदद कर रहा है, बल्कि रोजगार सृजन में महती भूमिका निभा रहा है। मीणा यहां एलबीएस खादी संस्थान रावतसर के तत्वावधान में आयोजित खादी एवं ग्रामोद्योग की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के दौरान प्रेस को संबोधित कर रहे थे।

खादी को बढ़ावा देने के काम में लगी हैं 150 संस्थाएं

एक सवाल पर मीणा ने बताया कि राज्य के 35 जिलों में आयोग से संबद्ध 150 संस्थाएं खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के काम में लगी है। खादी में जयपुर का बड़ा सहयोग है। राज्य में 1500 खडिनों एवं 5000 हथकरघा बुनकरों को ये संस्थाएं रोजगार मुहैया करवा रही हैं। सूती और हाथ से तैयार पॉली वस्त्र रेमंड को भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि खादी का एक मीटर कपड़ा तैयार करने में 3 लीटर तथा फैक्ट्रियों में तैयार कपड़े में 54 लीटर पानी खर्च होता है। गत पांच वर्षों में खादी का उत्पादन 38 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने आम लोगों से आग्रह किया कि उन्हें साल में एक बार खादी वस्त्र अवश्य खरीदना चाहिए। राज्य में ऊन कताई का काम हाथ में लिया गया है। इसका महीन धागा अब खादी ग्रामोद्योग बोर्ड बनाकर देगा। 19 अगस्त को इसका उद्घाटन किया जाएगा। इससे राज्य में आठ दस हजार लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इस मौके पर एलबीएस खादी संस्था रावतसर के सचिव भानसिंह राठौड़ सहित प्रदर्शन में आए संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रेस कवरेज

राज्य स्तरीय खादी व ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का रंगारंग आगाज

श्रीगंगानगर। कुम्हार धर्मशाला में एलबीएस खादी संस्थान रावतसर के तत्वावधान में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन पीलीबंगा विधायक धर्मेंद्र मोची ने किया। अध्यक्षता खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड आयोग के संभागीय निदेशक बद्रीलाल मीणा ने की।

संस्था सचिव भानसिंह राठौड़ ने बताया कि खादी एवं ग्रामीण लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें खादी व अन्य तरह के विभिन्न उत्पाद प्रदर्शन व बिक्री के लिए रखे गए। निदेशक बद्रीलाल मीणा ने कहा कि राज्य में विभिन्न तरह के ग्राम उद्योग के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं तथा बेरोजगारों को ऋण भी दिया जा रहा है। किसान,महिला तथा युवाओं को ध्यान में रखकर कम खर्च में अच्छी आमदनी के लिए जमीनी स्तर पर इन उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

विधायक ने पहनी खादी की जैकेट

विधायक धर्मेंद्र मोची ने कहा कि मुझे खादी से प्रेम है तो निदेशक बद्री लाल मीणा ने तुरंत खादी से बनी जैकेट विधायक महोदय को पहनाई। इस पर विधायक महोदय ने कहा कि अब मैं खादी को बढ़ावा दूंगा तथा हर जनप्रतिनिधि को अपील करूंगा कि वह खादी को अपनाएं। खादी हमारी परंपरा परंपरा रही है। हम सबको राष्ट्रहित के लिए खादी के उत्पाद अपनाने चाहिए। विधायक धर्मेंद्र मोची ने कहा कि निदेशक महोदय आपका काम बोलता है। खिलौनों के लिए हमारे इलाके की मिट्टी, लकड़ी के लिए शीशम तथा धागे, वस्त्र के लिए यहां का रेशा अच्छी गुणवत्ता वाला है। यहां संसाधनों की भी कोई कमी नहीं है। आपके प्रयास से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन उद्योगों के लिए मैं विधानसभा में भी आवाज उठाऊंगा।

खादी के वस्त्र पहनकर किया युवतियों ने कैटवॉक

ऐसा पहली बार हुआ जब खादी के वस्त्रों के लिए युवतियों ने इस तरह की कैटवॉक की गई। बीकानेर की फैशन डिजाइनर पूजा चोपड़ा ने अपनी टीम के साथ इस नवाचार को अपनाया। कुम्हार धर्मशाला में लगी इस प्रदर्शनी में युवा वर्ग को खादी से जोड़ने के लिए युवतियों ने गजब का कैटवॉक किया। जब रैंप पर एक-एक करके खादी के परिधान में युवतियां आई तो सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहना की। कैटवॉक में मिस बीकानेर दिव्या पारीक, विजय लक्ष्मी, पूजा सिन्हा सहित 9 लड़कियों ने हिस्सा लिया।

कवियों ने किया हास्य रस से दर्शकों को सराबोर

कार्यक्रम की शुरुआत नीता अग्रवाल ने सरस्वती वंदना के साथ की। युवा राजस्थान कवि हरीश हैरी ने चुटिले अंदाज में अपनी हास्य प्रस्तुति दी। बीच बीच में जय हिंद के उद्घोष के साथ देशभक्ति की भी याद दिलाई। उमंग शर्मा ने शादी से जुड़ी हास्य रचना प्रस्तुत की। गज़लकार बनवारीलाल कली व दौलतराम अनपढ़ ने अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कवि रंगलाल बिश्नोई ने नशे जैसी सामाजिक बुराई पर कटाक्ष किया। मंच संचालन करते हुए कवि रूपसिंह राजपुरी ने राजनीति और नेताओं पर अपनी हास्य प्रस्तुति से दर्शकों को गुदगुदाया।

ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार को बढ़ावा दे रहा है खादी ग्रामोद्योग

» खादी और ग्रामोद्योग के मंडलीय निदेशक आए श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर।

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में बुनकरों और अन्य लोगों को रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है। इन लोगों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में आयोग ने महत्वपूर्ण योजनाएं बनाई हैं।

यह बात खादी एवं ग्रामोद्योग के मंडलीय निदेशक बद्रीलाल मीना ने सोमवार को यहां चहल चौक के पास कुम्हार धर्मशाला में चल रहे खादी मेले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने बताया कि खादी को प्रोत्साहन देने के लिए पिछले पांच साल में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसी कारण देश में खादी की बिक्री 38 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग की ओर से चलाए जा रहे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत युवाओं को नए रोजगार देने के लिए प्रशिक्षण एवं ऋण की सुविधा भी दी जा रही है। इसमें अनुदान का लाभ भी दिया जा रहा है। इससे पहले मीना ने पीएमईजीपी के तहत संबंधित बैंकों के साथ बैठक की। उन्होंने बैंकर्स से प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई का आग्रह किया।

राज्य स्तरीय खादी व ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का रंगारंग आगाज

स्वर्ण आभा न्यूज @ श्रीगंगानगर

कुम्हार धर्मशाला में एलबीएस खादी संस्थान रावतसर के तत्वावधान में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन पीलीबंगा विधायक धर्मेंद्र मोची ने किया। अध्यक्षता खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड आयोग के संभागीय निदेशक बद्रीलाल मीणा ने की।

संस्था सचिव भानसिंह राठौड़ ने बताया कि खादी एवं ग्रामीण लघु एवं कुटीर उद्योगों के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें खादी व अन्य तरह के विभिन्न उत्पाद प्रदर्शन व बिक्री के लिए रखे गए। निदेशक बद्रीलाल मीणा ने कहा कि राज्य में विभिन्न तरह के ग्राम उद्योग के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं तथा बेरोजगारों को ऋण भी दिया जा रहा है। किसान,महिला तथा युवाओं को ध्यान में रखकर कम खर्च में अच्छी आमदनी के लिए जमीनी स्तर पर इन उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

विधायक ने पहनी खादी की जैकेट

विधायक धर्मेंद्र मोची ने कहा कि मुझे खादी से प्रेम है तो निदेशक बद्री लाल मीणा ने तुरंत खादी से बनी जैकेट विधायक महोदय को पहनाई। इस पर विधायक महोदय ने कहा कि अब मैं खादी को बढ़ावा दूंगा तथा हर जनप्रतिनिधि को अपील करूंगा कि वह खादी को अपनाएं। खादी हमारी परंपरा परंपरा रही है। हम सबको राष्ट्रहित के लिए खादी के उत्पाद अपनाने चाहिए। विधायक (शेष पृष्ठ 4 पर)

प्रेस कवरेज

बैंक लम्बित आवेदन निस्तारण कर जल्द मुहैया कराए ऋण

उद्योगपतियों व व्यापारियों को बताई कार्य योजना

श्रीगंगानगर

संभागीय कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग बीकानेर के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित इकाइयों के मार्जिन मनी लंबित आवेदन पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु मंडलीय निर्देशक बद्रीलाल मीणा की अध्यक्षता में कुम्हार धर्मशाला श्रीगंगानगर में संबंधित सभी बैंकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मीणा द्वारा बैंकों को निर्देशित किया गया जिसमें पीएमईजीपी के अंतर्गत ऋण हेतु आवेदन प्राप्त आवेदन पत्रों पर शीघ्र अभ्यर्थियों को ऋण प्रदान कर मार्जिन मनी क्लेम आयोग के पोर्टल पर अपलोड किया जावे ताकि भारत सरकार के निर्देशानुसार 100 दिन की कार्ययोजना के तहत लक्ष्यांकों की प्राप्ति की जा सके। इस पर सभी बैंकों ने निदेशक मीणा को आश्वस्त किया कि लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण अति शीघ्र किया जाएगा

बैंकर मीटिंग में जिला अग्रणी बैंक मैनेजर ओबीसी रोहित शर्मा व विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि और प्रबंधक खादी और ग्रामोद्योग बीकानेर प्रतिनिधि डीएन त्रिपाठी ने भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन विनोद आसन ने किया।

अगले सत्र में बायर्स और सेल्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों और उद्योगपतियों को 100 दिन की कार्ययोजना बताई। इस अवसर एस. पी.बहल, क्रान्ति चुघ, नीरज राठौड़, ज्योति कांडा, अजय कुमार चड्ढा, प्रेम अग्रवाल, अजय नागपाल आदि व्यापारी व उद्योगपतियों के साथ खादी ओर ग्रामोद्योग आयोग बीकानेर के प्रतिनिधि डी. एन.त्रिपाठी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम की आयोजक संस्था लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा समिति रावतसर के सचिव भानसिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बैंक लम्बित आवेदन निस्तारण कर जल्द मुहैया कराए ऋण

श्रीगंगानगर। संभागीय कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग बीकानेर के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित

उद्योगपतियों व व्यापारियों को बताई कार्य योजना

इकाइयों के मार्जिन मनी लंबित आवेदन पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु मंडलीय निर्देशक बद्रीलाल मीणा की अध्यक्षता में कुम्हार धर्मशाला श्रीगंगानगर में संबंधित सभी बैंकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मीणा द्वारा बैंकों को निर्देशित किया गया, जिसमें पीएमईजीपी के अंतर्गत ऋण हेतु आवेदन प्राप्त आवेदन पत्रों पर शीघ्र अभ्यर्थियों को ऋण प्रदान कर मार्जिन मनी क्लेम आयोग के पोर्टल पर अपलोड किया जावे ताकि भारत सरकार के निर्देशानुसार 100 दिन की कार्ययोजना के तहत लक्ष्यांकों की प्राप्ति की जा सकें। इस पर सभी बैंकों ने निदेशक मीणा को आश्वस्त किया कि लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण अति शीघ्र किया जाएगा बैंकर मीटिंग में जिला अग्रणी बैंक मैनेजर ओबीसी रोहित शर्मा व विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि और प्रबंधक खादी और ग्रामोद्योग बीकानेर प्रतिनिधि डीएन त्रिपाठी ने भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन विनोद आसन ने किया।

अगले सत्र में बायर्स और सेल्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें व्यापारियों और उद्योगपतियों को 100 (शेष पृष्ठ दो पर)

प्रेस कवरेज

खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ

श्रीगंगानगर। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत चहल चौक स्थित कुम्हार धर्मशाला में राज्यस्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इस सात दिवसीय प्रदर्शनी के दौरान इस अवसर पर विभिन्न तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सचिव भानसिंह राठौड़ ने बताया कि महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर मंडलीय कार्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में राज्य की नामित संस्थाएं व यूनिट हिस्सा लेंगी। एलबीएस खादी संस्था रावतसर द्वारा आयोजित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में खादी उद्योग से जुड़े हुए उत्पाद ग्राहक खरीद सकते हैं। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख प्रियंका श्योराण थे। विशिष्ट अतिथि सभापति अशोक चांडक तथा खादी ग्रामोद्योग आयोग के राज्य निदेशक बद्रीलाल मीणा थे। खादी के परिधान में फैशन डिजाइनरों द्वारा फैशन शो का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में पंजाबी गायक जगजीत सिंह जिदा ने अपनी प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन में हास्य कवि रूपसिंह राजपुरी रावतसर, रंगलाल बिश्नोई, नीता अग्रवाल, दौलतराम अनपढ़, राजस्थानी हास्य कवि हरीश हैरी, बनवारीलाल बत्री, उमंग शर्मा विविध रंगों से सजी काव्य रचनाएं प्रस्तुत की। खादी बोर्ड के राज्य निदेशक बद्रीलाल मीणा उपस्थित थे। उन्होंने उद्योगपतियों और व्यापारियों को विस्तार से जानकारी दी।

लम्बित आवेदनों का निस्तारण करें : मीणा

श्रीगंगानगर। डिविजन कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग बीकानेर द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित इकाइयों के मार्जन मनी लम्बित आवेदन-पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु मंडलीय निदेशक बद्रीलाल मीणा की अध्यक्षता में कुम्हार धर्मशाला में सम्बन्धित सभी बैंकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

श्री मीना द्वारा बैंकों को निर्देशित किया गया। जिसमें पीएमईजीपी के अन्तर्गत ऋण हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों पर शीघ्र अभ्यर्थियों को ऋण प्रदान कर मार्जन मनी क्लेम आयोग के पोर्टल पर अपलोड किया जावे ताकि भारत सरकार के निर्देशानुसार 100 दिन की कार्य योजना के तहत लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। जिस पर सभी बैंकों ने निदेशक श्री मीना को आश्वास्त किया कि लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण अति शीघ्र किया जाएगा। उक्त बैंकर्स मीटिंग में जिला अग्रणी बैंक मैनेजर ओबीसी रोहित शर्मा व विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि व प्रबंधक खादी और ग्रामोद्योग आयोग बीकानेर के प्रतिनिधि डीएन त्रिपाठी ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम की आयोजक संस्था लाल बहादुर शास्त्री शिक्षा समिति रावतसर के सचिव भानसिंह राठौड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन विनोद आसन ने किया। समारोह में स्थानीय उद्योगपतियों को आमंत्रित किया, जिसमें ज्योति कांडा, क्रांति चुघ तथा गैस एजेंसी संचालक ने भी भाग लिया। स्थानीय खादी मेला 3 तक चलेगा।

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल 31 तक

श्रीगंगानगर। सरकार ने आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि एक महीने बढ़ाकर 31 अगस्त कर दी है। इस फैसले से लोगों को काफी राहत मिली है क्योंकि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कई संस्थाओं ने इस बात की अपील की थी कि आयकर रिटर्न भरने की आखिरी तारीख बढ़ा दी जाए। इस साल सीबीडीटी ने टीडीएस रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 मई से बढ़ाकर 30 जून कर दी थी और इसके बाद फॉर्म 16 जारी करने की तारीख भी 15 जून से बढ़कर 31 जुलाई हो गई। कई लोग आईटीआर भरने के लिए अपने फॉर्म 16 का इंतजार कर रहे थे। अगर पहले निर्धारित आखिरी तारीख यानी 31 जुलाई तक कोई अपना आईटीआर न फाइल कर पाता तो दिसंबर तक फाइल करने पर उसे 5,000 रुपये की फीस भरनी पड़ती। अगर 1 जनवरी से 31 मार्च के बीच इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया जाता तो 10 हजार रुपये की फीस चुकानी पड़ती। वित्त वर्ष 2018-19 के बाद ग्रैंडफादरिंग क्लॉज के चलते लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स और इक्विटी म्यूचुअल फंड की गणना का तरीका भी काफी कठिन हो गया था। (सुनीला सिडाना)

राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का रंगारंग शुभारंभ 28 जुलाई को

कवि सम्मेलन में छूटेगी हास्य की फुलझड़ियां और फैशन शो का होगा आयोजन

श्रीगंगानगर

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ 28 जुलाई शाम को 5 बजे चहल चौक स्थित कुम्हार धर्मशाला श्रीगंगानगर में किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

सचिव भानसिंह राठौड़ ने बताया कि महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती पर भारत सरकार की मंडलीय कार्यालय बीकानेर द्वारा आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में राज्य की नामित संस्थाएं व यूनिट हिस्सा लेंगी। एलबीएस खादी संस्था रावतसर द्वारा आयोजित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में खादी उद्योग से जुड़े हुए उत्पाद ग्राहक खरीद सकते हैं। इस भव्य उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख प्रियंका श्योराण, विशिष्ट अतिथि सभापति अशोक चांडक, बद्रीलाल मीणा राज्य निदेशक खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार के कर कमलों द्वारा होगा। इस अवसर पर खादी के परिधान में फैशन डिजाइनरों द्वारा फैशन शो का आयोजन भी होगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। कवि सम्मेलन में हास्य कवि रूपसिंह राजपुरी रावतसर, रंगलाल बिश्नोई, नीता अग्रवाल, दौलतराम अनपढ़, राजस्थानी हास्य कवि हरीश हैरी, बनवारीलाल बत्री, उमंग शर्मा विविध रंगों से सजी कविताएं प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा पंजाबी गायक जगजीत सिंह जिदा भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

प्रेस कवरेज

के.वी.आई.सी. ने राज्य स्तरीय कार्यशाला लगाई

घाटी में बेरोजगारी दूर करने के लिए पी.एम.ई.जी.पी. की अहम भूमिका : डा. हिना

श्रीनगर, 18 जुलाई (मजीद): खादी और ग्रामोद्योग आयोग (के.वी.आई.सी.) द्वारा गुरुवार को श्रीनगर के एस.के.आई.सी.सी. में फ्लैगशिप प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.) पर राज्य स्तरीय कार्यशाला लगाई गई। इसका आयोजन आम जनता के बीच के.वी.आई.सी. की योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के मकसद से किया गया।

कार्यशाला को संबोधित करती डा. हिना। (समीर)

इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर बैंक के उपाध्यक्ष फयाज अहमद भट्ट, के.वी.आई.बी. के सचिव राशिद अहमद कादरी भी मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड (के.वी.आई.बी.) की उपाध्यक्षा डॉ. हिना भट्ट ने कहा कि आतंकवादग्रस्त कश्मीर में बेरोजगारी को दूर करने में पी.एम.ई.जी.पी. एक अहम भूमिका निभा रहा है।

डा. हिना ने कहा कि ऐसे जागरूकता शिविर युवाओं की स्वरोजगार उपक्रमों के माध्यम से आय अर्जित करने में मदद करते हैं, जिन्हें विभिन्न योजनाओं के तहत स्थापित किया जा सकता है। के.वी.आई.सी. के राज्य निदेशक डी.एस. भाटी ने कहा कि पूरे देश खासतौर से जम्मू-कश्मीर में बेरोजगार युवाओं के लिए पी.एम.ई.जी.पी. एक अचूक मंत्र है। पी.एम.ई.जी.पी. भारत सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम है, जिसे सफल बनाने के लिए सबको एक साथ काम करने की आवश्यकता है।

भाटी ने कहा कि के.वी.आई.सी. के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना जम्मू-कश्मीर के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए विशेष ध्यान दे रहे हैं। कार्यशाला के आरंभ में के.वी.आई.सी. के सहायक निदेशक अनिल कुमार शर्मा, जो जम्मू-कश्मीर में पी.एम.ई.जी.पी. के नोडल ऑफिसर भी हैं, ने पी.एम.ई.जी.पी. पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी।

राज्य स्तरीय खादी ...

धर्मेंद्र मोची ने कहा कि निदेशक महोदय आपका काम बोलता है। खिलौनों के लिए हमारे इलाके की मिट्टी, लकड़ी के लिए शीशम तथा धागे, वस्त्र के लिए यहां का रेशा अच्छी गुणवत्ता वाला है। यहां संसाधनों की भी कोई कमी नहीं है। आपके प्रयास से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन उद्योगों के लिए मैं विधानसभा में भी आवाज उठाऊंगा।

पर्यावरणानुकुल मनमोहक खादी डिजाइनर परिधान

बहुमुखी एवं मनमोहक
खादी डिजाइनर परिधानों
जैसे पर्यावरणानुकुल उत्पादों का एक स्थान
खादी वस्त्र, हर्बल उत्पाद,
रसायन रहित अगरबत्तियां,
विषाणु रहित एवं एन्टी फंगल शहद,
नैसर्गिक एवं आयुर्वेदिक सौन्दर्य उत्पाद
जैसे साबुन एवं शैम्पू,
हाथ कागज एवं पारंपरिक हस्तशिल्प
तथा अन्य उत्पादों की विशाल श्रृंखला

Khadi India

खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय,भारत सरकार
ग्रामोदय, 3, इर्ला रोड़, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई-400 056.
वेबसाईट : www.kvic.org.in

“भारत में हम रोजगार सृजन करते है तथा समृध्दि बुनतें हैं”